# राजभाषा मुद्रिका

तिमाही राजभाषा समाचार पत्र

**अंक : 21** **जुलाई-सितंबर 2019**

**<u>प्रधान संरक्षक</u>**

**श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार**

**प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल, कर्नाटक**

**<u>संरक्षक</u>**

**श्री अमितेश भरत सिंह**

**अपर आयुक्त (प्र.मु.आ.का का.), केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल**

**<u>संकल्पना और संपादन</u>**

**श्री वाई. सुब्रह्मण्यम,**

**कनिष्ठ अनुवादक, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु**

---

**बेंगलूरु केंद्रीय राजस्व भवन के परिसर में दिनांक 15 अगस्त 2019 को स्वतंत्रता दिवस केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क तथा आयकर विभागों द्वारा संयुक्त रूप से मनाया गया ।**






# केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल में आयोजित हिंदी दिवस एवं हिंदी माह की रिपोर्ट

हिंदी माह के अंतर्गत केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के आयुक्तालयों के लिए दिनांक 26.08.2019 से 25.09.2019 तक हिंदी की विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं जैसे, 1.हिंदी सुलेख, 2.हिंदी अनुवाद, 3.हिंदी टिप्पण एवं आलेखन और 4.हिंदी विविधा प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी, अंताक्षरी, मूक पहेली तथा स्मृति परीक्षण आयोजित की गई थीं । दिनांक 11.09.2019 को पृथक रूप में बेंगलूरु एयरपोर्ट आयुक्तालय के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं । दिनांक 30.08.2019 को विशिष्ट हिंदी रंगमंच का आयोजन किया गया । उपर्युक्त सभी कार्यक्रमों में अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अधिक संख्या में भाग लिया ।

दिनांक 25-09-2019 को हिंदी दिवस/माह का समापन समारोह संयुक्त रूप से मनाया गया था । मुख्य अतिथियों के दीप प्रज्ज्वलन एवं केंद्रीय कर की कनिष्ठ अनुवादक श्रीमती पद्मश्री बाबु की प्रार्थना गीता के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ । केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के अपर आयुक्त (प्र.मु.आ.का का.) श्री अमितेश भरत सिंह ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया । माननीय गृह मंत्री महोदय का संदेश पठन केंद्रीय कर, प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय की संयुक्त आयुक्त सुश्री अर्चना नायक ने किया ।

तदुपरांत अंचल की गृह पत्रिका बृंदावन 2019 का विमोचन किया गया । पत्रिका का विमोचन केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के मुख्य आयुक्त श्री ए.के. ज्योतिषी के करकमलों से किया गया । केंद्रीय कर, प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय के कनिष्ठ अनुवादक श्रीमती पद्मश्री बाबु ने राजभाषा हिंदी कार्यान्वयन संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत किया ।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में केंद्रीय कर, बेंगलूरु पश्चिम आयुक्तालय के सहायक आयुक्त श्री राजेश कुमार एवं टीम ने मतदान पर एक हिंदी नाटक प्रस्तुत किया । तदुपरांत उसी क्रम में केंद्रीय कर, बेंगलूरु पश्चिम आयुक्तालय के सहायक आयुक्त श्री सी.एन. श्रीनिवासा एवं नगर सीमा शुल्क आयुक्तालय में कार्यरत निरीक्षक श्री मुकेश कुमार ने हिंदी गीत प्रस्तुत की । तत्पश्चात् केंद्रीय कर, बेंगलूरु पश्चिम आयुक्तालय के सहायक आयुक्त श्री राजेश कुमार ने एक नृत्य प्रस्तुत किया ।

आगे, हिंदी कार्यान्वयन में उत्कृष्ट कार्य हेतु रोलिंग शील्ड प्रदान किया गया । केंद्रीय कर, प्रधान मुख्य आयुक्त, बेंगलूरु अंचल के रोलिंग शील्ड केंद्रीय कर, बेंगलूरु अपील्स-II आयुक्तालय को प्राप्त हुआ । तदुपरांत अंचल के विभिन्न आयुक्तालयों के अनुभाग / मंडल कार्यालयों को रोलिंग शील्ड प्रदान किया गया । गृह मंत्रालय के अनुदेशानुसार हिंदी टिप्पण और मसौदा लेखन के तहत प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत सभी आयुक्तालयों के अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया ।

केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु के आयुक्तगण ने हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण-पत्रों का वितरण किया । फिर श्री ए.के.ज्योतिषी, सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल ने मुख्य अतिथि का भाषण से एवं श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल ने अध्यक्षीय भाषण से उपस्थित दर्शकगण को आशीरवाद दिया ।

केंद्रीय कर, प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ अनुवादक श्रीमती एन.उषा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ । मंच का संचालन केंद्रीय कर, प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु के कनिष्ठ अनुवादक श्री वाई.सुब्रह्मण्यम द्वारा किया गया ।

## हिंदी दिवस - एक झलक



इन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं




**दिनांक 30-08-2019 को केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आयोजित**

## विशिष्ट हिंदी रंगमंच

**(जिसके तहत नाटक, नृत्य, वाद्य संगीत, एकल गायन, कविता पाठ, आदि शामिल थे)**







इस अंचल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की सामग्रियां या फिर कोई कविता, लेख, आदि हो तो, उन्हें इस समाचार पत्र के आगामी अंकों में प्रकाशन हेतु हमें
cexhindicell@gmail.com
ई-मेल पते पर संपर्क करें ।




**आपके बहुमूल्य सुझाव सादर आमंत्रित हैं ।**

☆